आपराधिक वित्त और क्रिप्टोकरेंसी पर वैश्विक सम्मेलन

drishtiias.com/hindi/printpdf/global-conference-on-criminal-finances-and-cryptocurrencies

प्रिलिम्स के लिये:

क्रिप्टोकरेंसी, आपराधिक वित्त और क्रिप्टोकरेंसी पर वैश्विक सम्मेलन

मेन्स के लिये:

क्रिप्टोकरेंसी और साइबर अपराध

चर्चा में क्यों?

'आपराधिक वित्त और क्रिप्टोकरेंसी पर वैश्विक सम्मेलन' आभासी रूप से 18-19 नवंबर को आयोजित किया गया जिसमें 132 देशों के 2,000 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

प्रमुख बिंदु:

- सम्मेलन क्रिप्टोकरेंसी और मनी लॉन्ड्रिंग पर यूरोपोल (EUROPOL), इंटरपोल (INTERPOL) और 'बेसल इंस्टीटच्यूट ऑन गवर्नेंस' (Basel Institute on Governance) द्वारा स्थापित वर्किंग ग्रुप की एक पहल है।
- चौथे वैश्विक सम्मेलन का उद्देश्य मनी लॉन्ड्रिंग में क्रिप्टोकरेंसी के उपयोग की बढ़ती प्रवृत्ति पर वैश्विक समुदाय की जागरूकता को बढ़ाना है।
- वर्ष 2016 में वैश्विक सम्मेलन की शुरुआत करने का उद्देश्य वर्तमान समय में 'आभासी परिसंपत्तियों '(Virtual Assets) की बढ़ती लोकप्रियता और उनसे जुड़ी आपराधिक गतिविधियों के संबंध में प्रतिक्रिया व्यक्त करने हेतु एक साझा मंच प्रदान करना था।

क्रिप्टोकरेंसी और अपराध:

- बिटकॉइन वर्ष 2009 में आई प्रथम क्रिप्टोकरेंसी थी। तब से अब तक कई अन्य मुद्राएँ बाज़ार में प्रवेश कर चुकी हैं।
- वर्तमान समय में क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग साइबर अपराध, ब्लैक मनी और रैनसमवेयर तथा सेक्सटॉर्शन (Sextortion), मनी लॉन्ड्रिंग, एवं 'ड्रग से प्राप्त आय' के हस्तांतरण आदि में किया जा रहा है।

सम्मेलन का महत्त्व:

कानून प्रवर्तन एजेंसियों की समझ बढ़ाना:

- हाल ही में क्रिप्टोकरेंसी का आपराधिक गतिविधियों तथा मनी लॉन्ड्रिंग में उपयोग बढ़ा है। इससे कानून प्रवर्तन एजेंसियों और अन्य सार्वजनिक इकाइयों के लिये इस अपराध क्षेत्र में अपने ज्ञान और विशेषज्ञता के स्तर को बढ़ाना ज़रूरी हो गया है। अत: सम्मेलन इस दिशा में सामरिक जानकारी और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान बढ़ाने में मदद करेगा।
- निजी क्षेत्र, कानून प्रवर्तन एजेंसियों को अपनी विशेषज्ञता और डेटा उपलब्ध कराकर आपराधिक वित्त के खिलाफ सरकार के प्रयासों में मदद कर सकते हैं।

आभासी संपत्ति सेवा प्रदाताओं का विनियमन:

सम्मेलन आभासी संपत्तियों की जाँच करने और धन शोधन को रोकने के लिये आभासी संपत्ति सेवा प्रदाताओं (Virtual Asset Service Providers) को विनियमित करने के तरीकों पर क्षमताओं का विस्तार करने की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

विशेषज्ञों का नेटवर्क तैयार करना:

- यह आपराधिक गतिविधियों में क्रिप्टोकरेंसी के उपयोग की जाँच तथा इस दिशा में वैश्विक समझ को विकसित करने का कार्य करता है।
- इसके अलावा विशेष आर्थिक सहायता से इस क्षेत्र में कार्य करने वाले विशेषज्ञों का एक नेटवर्क तैयार करना है, जो सामूहिक रूप से सर्वोत्तम प्रथाओं को स्थापित कर सकते हैं।

निष्कर्ष:

आभासी परिसंपत्तियों के आपराधिक गतिविधियों में दुरुपयोग से निपटने लिये निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों के बहु-एजेंसी और बहु-विषयक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। 'आपराधिक वित्त और क्रिप्टोकरेंसी पर वैश्विक सम्मेलन' इस दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

यूरोपोल (EUROPOL):

यूरोपोल, यूरोपीय यूनियन की कानून प्रवर्तन एजेंसी है।

इंटरपोल (INTERPOL):

अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन (International Criminal Police Organization-INTERPOL) एक अंतर-सरकारी संगठन है जो 194 सदस्य देशों के पुलिस बलों के बीच समन्वय स्थापित में मदद करता है।

बेसल इंस्टीट्यूट ऑन गवर्नेंस (Basel Institute on Governance):

यह एक स्वतंत्र गैर-लाभकारी सक्षमता केंद्र है जो शासन को मज़बूत करने और भ्रष्टाचार और अन्य वित्तीय अपराधों से निपटने के लिये दुनिया भर में कार्य कर रहा है।

स्रोत: द हिंदू